BILINGUAL | हिंगLISH Monthly E-Magazine | NOV 2023

"JUNOON"-The passion for making a difference

# जुनून

Spreading positive vibes in the mind



"आप इतना काम करों कि अंगुली उठाने वाले का अंगुली दर्द करने लगे." – मुन्ना कुमार

## HAPPY 12TH ANNIVERSARY OF KHWAB FOUNDATION

Published by
KHWAB FOUNDATION,INDIA
www.khwabfoundation.org

# Index


03
संपादकीय
बच्चे देश का भविष्य एवं सृष्टि के श्रृंगार---

04
Founder's Note
बच्चे को संवार दें, देश का भविष्य सँवर जाएगा।

05
Cycle girl-Miss Aparna Sinha

06-24
सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

25
चंपारण के गाँधी

26
Happy School

27
Happy club

28
कविता: "उठ जाग अब तु "

29
कष्टमेव जयते -
मन के हारे हार,मन के जीते जीत।

30
कलामवाद-
एक साथ वर्तमान और भविष्य को जीना

31
अपील

32
पत्रिका का हिस्सा बनें

32-34
इतिहास के पन्नों में

35-36
मिडिया के नज़र में




# Editor-In-Chief

## बच्चे देश का भविष्य एवं सृष्टि के श्रृंगार---

बच्चे प्रकृति के अनमोल सृजन हैं। ये प्रत्येक माता-पिता के आंखों के तारे, अरमानों के सितारे और वृद्ध जनों के सहारे हैं। बच्चों की किलकारियों से घर आंगन का माहौल सर्वदा आनंद प्रदायक रहता है। कोई कितना भी तनाव में रहे लेकिन जब बच्चे उनके पास आ जाते हैं तो तत्क्षण वे अपना सारा थकान सारा तनाव भूल जाते हैं । जब पति-पत्नी में कुछ अनबन रहता है कोई झगड़ा रहता है और बीच में बच्चे जाकर उन दोनों का अनबन क्षण मात्र में समाप्त कर देते हैं । गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के बालकांड में वर्णित किया है------

**कीजै शिशु लीला अति प्रिय शीला ।**
**यह सुख परम अनूपा ।।**

भोजपुरी कवि श्री चंद्रशेखर मिश्र ने ठीक ही लिखा है-----

**जंगल सून जहां विचरै**
**तड़पै गरजै नहीं बाघ बघेला ।**
**जीवन सून बिना पुरुषारथ**
**आंगन सून न खेलै गदेला ।।**

वस्तुत: वह आंगन सुना है जहां बच्चे खेलें- कूदें नहीं।
माता-पिता एवं गुरुजनों के लिए बच्चे सुख का समंदर एवं आनंद के परमधाम हैं।

**हृदय के कोमल वाणी के सच्चे।**
**भविष्य के कर्ण धार होते हैं बच्चे।।**
**मन में जिज्ञासा निगाहों में आशा।**
**लहर भावनाओं की होते हैं बच्चे।।**
**किस्से कहानी कविता के श्रोता ।**
**आनंदमूर्ति भी होते हैं बच्चे ।।**
**माता-पिता घर आंगन की शोभा।**
**खेलों की उन्माद होते हैं बच्चे ।।**
**नहीं कोई दुश्मन सभी दोस्त इनके ।**
**अलमस्त जीवन जीते हैं बच्चे।।**
**नहीं प्यार पाते कभी भी कहीं भी ।**
**तो कुंठा से जीवन खो जाते हैं बच्चे ।।**
**इतिहास इन्हीं से सजती संवरती।**
**सृष्टि के श्रृंगार होते हैं बच्चे ।।**

वस्तुत बच्चे देश का भविष्य एवं सृष्टि के श्रृंगार हैं । बच्चे कुंभ



मुख्य संपादक
------------
**डा. बिनोद कुमार सिंह**
**प्रधानाध्यापक,**
UMS सिरहा मुसहर टोली
प्रखण्ड-पकड़ीदयाल, पूर्वी चंपारण,बिहार

कार की कच्ची मिट्टी के समान होते हैं जिसे कुंभकार रूपी माता-पिता एवं गुरु जो बनाना चाहें बना सकते हैं । वैसे तो कहा गया है कि व्यक्ति अपने भविष्य का निर्माता स्वयं होता है लेकिन परिवेश एवं परिस्थितियों का प्रभाव समान्यतया प्रभावित करता है फिर भी गुलाब जिस प्रकार कांटों में खिलकर अपना सौंदर्य विखेरता है अपनी खुशबू से वातावरण को सुगंधित करता है उसी प्रकार बच्चे भी जीवन के संघर्षों से जूझते हुए संघर्ष रूपी कंटकों से गुजरते हुए जब आगे बढ़ते हैं तो एक दिन विजयी माने जाते हैं और अपने समाज एवं देश को अपनी प्रखर प्रतिभा से सुगंधित एवं सुशोभित करते हैं ।बच्चों को प्यार देकर हम उन पर कोई उपकार नहीं करते बल्कि बच्चों को प्यार पाना उनका अधिकार है । हम जहां भी रहे बच्चों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहें को कुपथों से उन्हें बचते रहें ।

बाबा उमाकांत जी महाराज जय गुरुदेव आश्रम उज्जैन मध्य प्रदेश ने कहा है------

**बच्चों चरित्रवान बन जाओ।**
**देश सेवा कर नाम कमाओ ।।**
**माता-पिता की सेवा करो ।**
**उनके आशीर्वाद से फूलो फलो ।।**

आज के बच्चे ही कल के पिता होंगे । सुंदर परिवार, समाज, देश और दुनिया बच्चों पर ही निर्भर है । इसलिए हम सभी मिलकर बच्चों में जागृति लायें ,उनके चरित्र निर्माण में सहायक बनें, उनके अंदर जुनून पैदा करें ,उन्हें हुनरमंद बनाएं, उनका सर्वांगीण विकास करें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें ।





# Founder's Notes


**चेयरमैन, ख़्वाब फाउन्डेशन**
मुन्ना कुमार[लेखक, लेक्चरर]
अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर

## बच्चे को संवार दें, देश का भविष्य सँवर जाएगा।

ख्वाब फाउंडेशन लगातार 12 वर्षों से छात्रों और युवाओं के उत्थान के लिए हर संभव कदम उठाते रही है। बच्चे और युवा ही देश के भविष्य और कर्णधार है जिन्हे समुचित दिशा-निर्देश के साथ उचित मोटिवेशन की जरूरत है। बच्चा वही सीखता है जो हम सिखाते है अथवा जो हम करते है और वो देखकर-सुनकर सिख जाता है। बच्चों के समुचित विकास हेतु एक उचित माहौल होना जरूरी है। एक माहौल के जरीय बच्चों के भविष्य को संवारा जा सकता है। किसी फसल के बीज को जमीन में डालने से पहले उस जमीन को उपजाऊ बनाया जाताहै। उस जमीन में हल चलाया जाता है, पानी और खाद डाली जाती है ताकि जो बीज डाला जाए उसे उगने हेतु समुचित माहौल मिल सके। ठीक ऐसे ही एक बच्चे को आगे बढने हेतु समुचित सामाजिक माहौल मिलना जरूरी है। शिक्षा के रूप में खाद-पानी का मिलना जरूरी है।

बच्चे को नकारात्मक माहौल से दूर रखने का प्रयास करना चाहिए। उसे एक ऐसा माहौल देने का प्रयास होना चाहिए जहां कोई भी बच्चा अपने भविष्य को संवार सके। ख्वाब फाउंडेशन इस दिशा में कई वर्षों से कार्य कर रही है। बच्चों के लिए विभिन्न तरह के प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन, मोटिवेशनल कार्यशाला, सम्मान समारोह आदि के जरीय बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया गया। देश और विश्व के महान व्यक्तियों के जन्मदिवस समारोह के माध्यम से बच्चों के दिमाग में सकारात्मक विचार और सोच डालने का प्रयास किया जा रहा है ताकि एक बड़ा सपना देख सके और उसे पूरा करने हेतु ईमानदारी पूर्वक मेहनत कर सके।

एक बच्चे की सफलता मतलब देश की सफलता और इससे कोई भी देश मजबूत बन सकता है। अगर बच्चे बिगड़ रहे है मतलब देश भी बर्बादी की तरफ अग्रसर हो रहा है। बच्चे सही दिशा में बढ़ रहे है और मेहनत के बल पर सफलता के झंडे गाड़ रहे है इसका साफ मतलब है कि देश शांति और समृद्धि की तरफ अग्रसर है। नवम्बर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर “बाल दिवस” का आयोजन होता है। बाल दिवस तो एक बहाना है, उद्देश्य है कि अपने देश के बच्चों को सँवारकर देश को सँवारें। बाल दिवस समारोह के जरीय बच्चों को उच्च विचार रखने का अभ्यास करवाना है। उच्ची सोच के साथ ही बच्चों को कर्मशील बनाया जा सकता है।



Munna Kumar

# Cycle Girl: Miss Arpana Sinha

## A day with the greatest Gandhiwadhi alive in champaran after Gandhi.






साइकिल गर्ल अर्पणा सिंह और कलाम यूथ लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित होती हुई (नई दिल्ली )

**परिचय: ना**लंदा जिला के दीपनगर थाना क्षेत्र के छोटे से गांव मेघी (नालंदा) के निवासी अर्पणा सिन्हा, 12 वीं तक की पढाई एसएस गर्ल्स हाई स्कूल, ग्रेजुएट की पढाई सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज फिर आगे की पढाई बी.पी.एड नागपुर यूनिवर्सिटी (महाराष्ट्र) मे किया। इनका बचपन से ही पढाई के साथ-साथ खेल-कूद मे रूची रही ।

अर्पणा के अलावा परिवार मे माँ, एक बङी बहन व एक बङा भाई है। अर्पणा जब छोटी थी,तभी पिताजी की मृत्यु हो गई जिसके बजह से पूरे परिवार काफी तकलीफ में रहा और मुश्किलों का सामना करना पङा । बच्चो की पढ़ाई व दो बेटियों की शादी की चिंता माँ लगी रही लेकिन माँ ने हिम्मत नहीं हारी।एक समय ऐसा आया जहाँ पर माँ ने कहा या तो अर्पणा को आगे बढना है या फिर उसके भाई को । त्याग की पराकाष्ठा देखिए, उसके भाई ने अर्पणा को आगे बढाने को कहा। हर कदम पर अर्पणा के परिवार साथ खङा रही।



नालंदा की वीरांगना बेटी अर्पणा सिन्हा ने फिर से एक बार दिखाया अपना दम

एक साथ तीन चोटियों पर लहराए तिरंगा

**साइकिलिंग आइडिया :-** करोना जैसे भयंकर बीमारी चल रहीं थीं । उस समय अर्पणा व उसके बडे भाई भोपाल के एम्स मे परीक्षा देने के लिए गए थे। जब वापस लौट रहे थे उस समय काफी रात हो गई थी ।भोपाल से 50KM आगे जाकर हाईवे पर अचानक से सामने फोर वीलर आ गई और भयानक दुर्घटना हुई जिसमें दोनों लोग स्कूटी से दूर जाकर गिरे । काफी देर तक बेहोश पड़े रहे। वहाँ पर कोई मदद के लिए नहीं था क्योंकि वह जंगल का सुनसान रास्ता था। कुछ देर बाद अर्पणा को होश आया, अपर्णा की एक साइड का चेहरा पूरा खून से लथपथ थी। फिर अपने भाई को होश मे लायी।स्कूटी खाई मे लटका हुआ था। भाई-बहन मिलकर निकाले, मुगलसराय मे अर्पणा के दोस्त टिंकू कुमार बिहार से लाने के लिए गए हुए थे। बिना इलाज वापस अपने घर लौटते है, उसी दिन से निश्चय किया कि वो साइकिलिंग करेंगी और समाज मे एक नई ऊर्जा लाएगी ।

2011 से ही स्पोर्ट्स मे के क्षेत्र (कराटे, ऐथेलेटिकस, बॉक्सिंग व खो-खो) अर्पणा ने ज़िला, राज्य, नेशनल व यूनिवर्सिटी लेवल पर कई दर्जने मेडल अपने नाम कर चुकी है। कई सारे राज्य के 15 से अधिक पर्वतो की चढ़ाई कर चुकी है। इसने पर्वतारोहण की पढ़ाई भारत के दूसरे नंबर पर नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनरिग संस्थान से पूरी की। साइकिलिंग के क्षेत्र मे बिहार से केरला 9 राज्य 3306 km, जो 28 दिनों मे पूरा किया। (उदेश्य polutation free india ) , बिहार से काठमांडू (5 दिनों उद्देश महिला सशक्तिकरण) व बिहार राज्य के 38 जिला (3000 km) का सफर 30 दिनों मे पूरा कर बिहार की पहली महिला बनी ।इनका कहना है कि लोगों को जगाने के लिये, महिलाओं का जागृत होना जरुरी है। एक बार जब वो अपना कदम उठा लेती है, तो परिवार आगे बढ़ता है, गाँव आगे बढ़ता है और राष्ट्र विकास की ओर उन्मुख होता है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरुरी है जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, वैश्यावृति, मानव तस्करी आदि जैसे समस्या जो इंसानियत का गला घोंटती है। आज के उन लड़कियों के लिए अर्पणा एक प्रेरणा श्रोत है जो सामाजिक बंधनों और परंपराओं में अपने सपनों को खो देती है।

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

**सकारात्मक प्रसार से ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और सफलता की तरफ अग्रसर होकर सफलता की सबसे उच्ची शिखर छूँ पाएंगे। ख्वाब फाउंडेशन से जुड़े और अपने अंदर के सकारात्मक ऊर्जा को मौका दें ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन में अहम योगदान हो सके।**

## पहली बार वर्चुअल से रियल में NSS volunteer Harish से मुलाकात ।

गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर गांधी संग्रहालय में युवाओं के साथ यादगार पल ।
सोशल मीडिया पर लाखों लोगों से जुड़े है लेकिन मुलाकात कुछ ही लोगों से मुलाकात हो पाती है। एक ऐसे ही उत्साही युवा हरीश ,हरियाणा से लगातार वर्चुअल वार्तालाप होते रहा है लेकिन आज सालों बाद मोतीहारी में शानदार मुलाकात। मिलकर लगा कि युवा में एक अलग लेवल का सोच और नेतृत्व क्षमता है। अपने राज्य में छात्रों और युवाओं के बीच एक अलग पहचान बनाने वाले हरीश को चंपारण की धरती पर हार्दिक स्वागत। अभी एमजीसीयू में एक स्पीकर के तौर पर आमंत्रित है जहां अपने शोध प्रस्तुत करेंगे।हार्दिक शुभकामनाएं।
साथ में है शहर के प्रसिद्ध गांधीवादी श्री विनय जी , कशिश न्यूज के प्रसिद्ध रिपोर्टर श्री अमित जी , मित्र मनीष जी ।



(जुनून)01 Oct 2023

## सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी के कार्यकारणी बैठक में शामिल होते हुए आपका मुन्ना भाई ...

बैठक में पिछले कार्यक्रम की समीक्षा के साथ आगामी रणनीति पर चर्चा-परिचर्चा हुई। शहर के ट्रैफिक जाम की समस्या से लेकर सांप्रदायिक सौहार्द की बिगड़ते माहौल के समाधान को लेकर चर्चा हुई और कई निर्णय लिए गए। एक सामाजिक संगठन "प्रेशर ग्रुप" के रूप में अपनी शानदार योगदान कर कई समस्याओं को सरकार और शासन-प्रशासन के माध्यम से निदान कर सकता है। बैठक ससमय शुरू हुआ और निर्धारित समय पर खत्म हुआ। फोरम के कार्यकारणी सदस्य श्री धर्मवर्धन जी ने शानदार खातिरदारी किए। अंत में राष्ट्र-गान के बाद मुन्ना भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किए और बैठक की समाप्ति की गई।उपस्थित सभी जागरूक नागरिकों को हार्दिक आभार।



(जुनून)01 Oct 2023

## अंतिम जन को भी पढ़ने का अधिकार

मोतीहारी जिला स्कूल गेट के पास रहने वाले दलित बस्ती के बच्चों को भी पढ़ने का अधिकार है लेकिन स्थानीय सरकारी स्कूल के शिक्षक यह कहकर भागा देते है कि तुम डोम हो । यह बात अभिषेक मलिक और नेहा मलिक ने कूड़ा चुनने के दौरान ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन से कहा। गाँधी जयंती के अवसर पर ऐसी दृश्य देखने और सुनने को मिले तो किसका दिल नहीं पिघलेगा। गाँधी जयंती पर अपने श्रद्धांजलि ही अर्पित करना चाहते है तो अंतिम जन के बच्चों को समुचित शिक्षा मुहैया करा दें। इनका नामांकन पास के स्कूल मे करवा दें तो एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गांधीजी ने चंपारण में 3 स्कूल खोले ताकि यहाँ के लोग पढ़ सके और अपने अधिकार के लिए लड़ सके। आज भी ये जाति सिर्फ गंदगी साफ करने के काम ही आते रहे है। राजनीतिज्ञों ने सिर्फ इसका शोषण किया और वोट के लिए इस्तेमाल किया है। देश के उज्ज्वल भविष्य खातिर,इन्हे पढ़ने का हक दें।





(जुनून)2 Oct 2023

**आप अपने पंचायत/गाँव/मुहल्ला में शैक्षणिक जागृति हेतु ख्वाब फाउंडेशन ऑफिस से जानकारी ले सकते है ।**
**आप जो भी काम कर रहे हो लेकिन अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने आस-पास के बच्चों को पढ़ने हेतु प्रेरित करते रहे।**


# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## गाँधीजी और शास्त्रीजी का संक्षिप्त परिचय

- मोहनदास करमचंद गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर, गुजरात के एक सामान्य परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम करमचंद गाँधी एवं उनकी माता का नाम पुतलीबाई था। माता पुतलीबाई धार्मिक स्वभाव की थीं एवं पिता करमचंद बहुत सज्जन थे और इसका गांधीजी के व्यक्तित्व पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा| उन्होंने अपने असाधारण कार्यों एवं अहिंसावादी विचारों से केवल भारत देश की नहीं बल्कि पूरे विश्व की सोच बदल दी। उनके जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर को विश्व अहिंसा  दिवस मनाया जाता है|

---------------------------------------------------------------------

- भारत के दूसरे प्रधान मंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री, का जन्म 2 अक्टूबर, 1904 को मुगलसराय, उत्तर प्रदेश, भारत में हुआ था। वह न केवल एक प्रमुख राजनीतिक नेता थे बल्कि एक स्वतंत्रता सेनानी भी| प्रसिद्ध नारा "जय जवान जय किसान" इनके द्वारा ही दिया गया था। 1965 के भारत-पाक युद्ध, ताशकंद समझौते (tashkent declaration) और हरित क्रांति (green revolution) में भी शास्त्री के नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका थी।




## विश्व अहिंसा दिवस पर युवाओं द्वारा एक शानदार पहल

"अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस" पर ऊर्जावान युवाओं के साथ अशोक स्तंभ (लौरिया), वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व और नेपाल का शानदार भ्रमण ...
गांधीजी के राजनीतिक-सामाजिक जीवन से प्रेरणा और शास्त्री जी के सरल जीवन,उच्च विचार के साथ युवाओं के प्रशिक्षण हेतु स्थल का भ्रमण । आगे बढ़ने वाले युवाओं को अपने इतिहास को पढ़ने के साथ जानना चाहिए। ऊर्जावान युवाओं को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक रूप से प्रशिक्षण हेतु एक शानदार प्लेटफार्म तैयार। युवा सिर्फ झंडा ढोने अथवा दरी बिछाने का कार्य नही करेगा बल्कि नेतृत्व के अगली पंक्ति में खड़ा करना पड़ेगा ।गांधी जयंती पर सामाजिक व् राजनीतिक परिवर्तन के लिए एक दुस्साध्य अभियान की शुरुआत। गाँधी ने अपने कर्म के माध्यम से संदेश दिया। इनके लिखे सैकड़ों किताब आज शोध का विषय है। गांधीजी द्वारा लिखित आत्मकथा “**सत्य का प्रयोग**” हर एक युवा को पढ़ना चाहिए ।





(जुनून)02 Oct 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## ' भाई जी संदेश यात्रा ' चंपारण में स्वागत

NYP के तहत ' भाई जी संदेश यात्रा ' में शामिल यात्रियों स्वागत करने पहुंचे ख्वाब फाउंडेशन अध्यक्ष व् चेयरमैन..

भाई जी , डॉ एस एन सुब्बाराव शान्ति और सद्भावना साईकिल यात्रा 2 Oct 2023 को भितिहरवा से चलकर 4 oct को मोतीहारी पहुंची। मोतीहारी पहुंचने पर ख्वाब फाउंडेशन द्वारा गांधी संग्रहालय में यात्रा में शामिल यात्रियों का अभिवादन और स्वागत किया गया। 30 साइकिल यात्री है जिसमें ख्वाब फाउंडेशन द्वारा सम्मानित साइकिल गर्ल से प्रसिद्ध Arpana Sinha भी शामिल है। यह यात्रा विभिन्न जिला से होते हुए 25 Oct को पटना पहुंचेगी। इसका आयोजन भाई जी के प्रिय Ashok Bharat जी के नेतृत्व में हो रहा है।

आपको बताते चले कि भाई जी ख्वाब फाउंडेशन द्वारा आयोजित Global Gandhi peace conference में बतौर मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे जिसमें युवाओं को खूब प्रेरित किए थे। गांधीजी के शांति, सद्भाव, प्रेम ,सत्य और अहिंसा के संदेश को भाईजी ने पूरे विश्व में पूरे समर्पण के साथ प्रसारित किए।ख्वाब फाउंडेशन के अध्यक्ष Amit Kushwaha , चेयरमैन मुन्ना कुमार, स्थानीय यात्रा संयोजक गांधीवादी विनय जी ,भाई जी के परम शिष्य धर्मेन्द्र भाई और NYP के सचिव , अमृता जी का हार्दिक आभार।।





(जुनून)04 Oct 2023

## ख्वाब फाउंडेशन द्वारा संचालित Happy school के बच्चों ने भी मेडल अपने नाम किया....

स्टेट चैंपियनशिप में जिले के खाते में दो गोल्ड, दो सिल्वर व पांच ब्रॉन्ज मेडल आया. बेबी ने सीनियर वर्ग के मास स्टार्ट में गोल्ड, जूनियर वर्ग के मास स्टार्ट में अप्पी ने ब्रॉन्ज, सब जूनियर के मास स्टार्ट में सृष्टि टू ने ब्रॉन्ज, यूथ वर्ग के इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में सृष्टि वन ने गोल्ड, सुप्रिया ने सिल्वर, श्वेता ने ब्रॉन्ज, यूथ वर्ग में शौर्य ने सिल्वर, रितिक ने ब्रॉन्ज, सीनियर वर्ग के मास स्टार्ट में अफरोज ने ब्रॉन्ज मेडल जीता.पूर्वी चम्पारण टीम ओवरआल उप विजेता.

कुल मेडल-16,गोल्ड-3, सिल्वर-5, ब्रॉन्ज-8

इस शानदार उपलब्धि पर साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ ईस्ट चंपारण के सचिव Siddharth Kumar Verma जी को हार्दिक बधाई । साथ ही हैप्पी स्कूल के संचालक ऊर्जावान शिक्षक आनंद कुमार को खुब-खुब बधाई। ऐसे ही बच्चों को बढाते रहे । इतिहास लिखेगा सब।



(जुनून)03 Oct 2023

## युवा संवाद भारत@2047 सफ़लतापूर्वक संपन्न

ख्वाब फाउंडेशन द्वारा आयोजित और नेहरू युवा केंद्र,पूर्वी चंपारण द्वारा प्रायोजित युवा संवाद भारत@2047 सफ़लतापूर्वक संपन्न ...

युवाओं को राष्ट्र के प्रति योगदान हेतु शपथ दिलाने के साथ प्रेरित किया गया। उपस्थित युवा वक्ताओं ने अपनी बातें रखी तथा उपस्थित युवा छात्रों को अपने लक्ष्य हासिल कर राष्ट्र- निर्माण में योगदान हेतु आह्वान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच संचालक श्री शोला कुमार Shola Kumar , NYK leader Golden Mishra , Toppers point के संचालक अंकित जैसवाल, संदीप जैसवाल और बाकी शिक्षकगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी का हार्दिक आभार।



(जुनून)03 Oct 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ













## युवा संवाद भारत@2047 की झलकियां





# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

### एक कदम स्वच्छता की ओर! श्रमदान, स्वच्छ भारत मिशन! महात्मा गांधी को 'स्वच्छांजलि'

एक कदम स्वच्छता की ओर! श्रमदान, स्वच्छ भारत मिशन! अपने आस पास की सार्वजनिक जगह व आस पास की जगह को नियमित रूप से सफाई करे, कारण गंदगी स्वास्थ को नकारात्मक रूप में हानि करती हैं! स्वच्छ वातावरण आकर्षण व आत्मविश्वास का द्योतक हैं! बिहार मैट्रिक टापर एवं ख्वाब फाउंडेशन की सक्रिय सदस्य प्रज्ञा ने अपने घर व् आस-पास साफ-सफाई कर श्रमदान किया और स्वच्छता की संदेश दिया।



(जुनून)01 Oct 2023

### जन्म होना घटना हो सकती है लेकिन मरण ऐतिहासिक हो।

राजनैतिक युवा परिवार के सबसे सक्रिय सदस्य, राजनीतिक रणनीतिकार DrJitendra Kumar Kushwaha जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां।राजनीति में युवाओं को सफलता के शिखर तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देकर राष्ट्र-निर्माण में अपनी योगदान करते रहे।
चांदमारी स्थित सर्वाक्षी प्राइवेट लिमिटेड व् ख्वाब फाउंडेशन ऑफिस में शानदार तरीके से जन्मदिन मनाया गया। डॉ साहब ने पहली बार अपना जन्मदिन मनाया जिसमें मासूम बच्चे की तरह टोपी और मुस्कान के साथ सबको केक के साथ शानदार पार्टी भी दिए।।एक अद्भुत और ऐतिहासिक पल।समारोह में डॉ मदन राज,डॉ मुन्ना सिंह, गुड्डू कुशवाहा,नीरज शाक्य ,पप्पू प्रधान,राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा, डॉ अजय शामिल रहे । पुन: जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां ।





(जुनून)05 Oct 2023

### Google Developer Group द्वारा आयोजित DevFest Motihari में Motivational Speaker के रूप में शामिल युवा प्रतिभागियों को मोटिवेट करते हुए मुन्ना भाई ...

Worldwide events hosted by the Google Developer Groups community, featuring leading experts on Google technologies in areas like Android, Firebase, Flutter, Machine Learning and so much more.Explore developer tools, learn from Google experts, and connect with other developers from your local community.

सफल जिंदगी हेतु हर दिन की शुरुआत जबरदस्त होनी चाहिए और इसके लिए सुबह की शुरुआत Morning walk, some exercise,Yog and Pranayam से हो तो क्या कहने । आईटी कंपनी में जाने वाले और काम करने वाले को तो निश्चित ही करना चाहिए क्योंकि कंप्यूटर पर काम करने वाले ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी नही कर पाते। बीमारी पास आकर गले से लिपट जाए इससे बेहतर है कि आप शुरुआत फिजिकल एक्टिविटी से करे और दिन भर तरोताज और सकारात्मक बने रहे।

Special thanks to Mr Om Prakash,(CEO, Appycrown) Young speaker Mr Vishal Shakti, Senior S/E engineer Mr Mahtab Alam and other youth participants.







(जुनून)07 Oct 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथि सह जूरी सदस्य के रूप में शामिल मुन्ना कुमार

31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथि सह जूरी सदस्य के रूप में शामिल मुन्ना कुमार...

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उद्घाटन के बाद संबोधित करते हुए बच्चों को खूब प्रोत्साहित और प्रेरित किए। जज पैनल के रूप में ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने बच्चों द्वारा प्रदर्शित विज्ञान मॉडल का मुयाना किया गया और बाल वैज्ञानिक को आवश्यक निर्देश दिए। सफल कार्यक्रम हेतु कार्यक्रम के समन्वयक डॉ विनय पांडे, अध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, सचिव राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित श्री विजय सर , जिला स्कूल के सम्मानित शिक्षक लोकेश पांडे ,प्राचार्य ब्रजेश्वरम सर, ख्वाब फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री Amit Kushwaha , जिला अध्यक्ष Nitish Kumar Anand आदि का हार्दिक आभार।

जिला स्कूल, मोतीहारी में आयोजित इस शानदार कार्यक्रम में बच्चों ने अपने रचनात्मक सोच से शानदार विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन कर समस्या का समाधान बताया। ख्वाब फाउंडेशन परिवार ने ऐसे बच्चों को मेडल व् प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर हौसला अफजाई किया।बच्चे देश का भविष्य है और इन्हें सम्मान देकर हौसला बढ़ाना मतलब देश के भविष्य को संवारना। देश की असली जड़ है ये बच्चे जिसे मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है। आखिर कब तक व्यवस्था को दोष देते रहेंगे?











(जुनून)12 Oct 2023

## सम्पूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक की जयंती

जयप्रकाश नारायण (11 अक्टूबर, 1902 - 8 अक्टूबर, 1979) (संक्षेप में जेपी) भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। उन्हें 1970 में इंदिरा गांधी के विरुद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। इन्दिरा गांधी को पदच्युत करने के लिये उन्होने 'सम्पूर्ण क्रांति' नामक आन्दोलन चलाया। वे समाज-सेवक थे, जिन्हें 'लोकनायक' के नाम से भी जाना जाता है। 1998 में उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मनित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें समाजसेवा के लिए १९६५ में मैगसेसे पुरस्कार प्रदान किया गया था। पटना के हवाई अड्डे का नाम उनके नाम पर रखा गया है। दिल्ली सरकार का सबसे बड़ा अस्पताल 'लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल' भी उनके नाम पर है।

ख्वाब फाउंडेशन द्वारा संचालित ignited Mind Hostel के बच्चों ने अपने भाषण द्वारा जेपी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के माध्यम से अपने स्वतंत्रता सेनानियों और हस्तियों को याद करके बच्चों के अंदर प्रेरणा जागृत करना ,एक सच्ची श्रद्धांजलि हो सकती है।



(जुनून)11 Oct 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## डॉ कलाम जन्मदिन विशेष :IGNITED MIND STUDENTS CONFERENCE-2023






- **ख्वाब फाउंडेशन ने डॉ कलाम साहब के जन्मदिन "विद्यार्थी दिवस" पर किया विद्यार्थी सम्मेलन**
- **विद्यार्थी जीवन पूरे जिंदगी की सबसे हसीन हिस्सा है जिसे संवार कर सफल हो सकते हैं -मुन्ना कुमार**
- **विद्यार्थी सम्मेलन में प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित**

ख्वाब फाउंडेशन द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब के जन्मदिन "विद्यार्थी दिवस" पर Ignited Mind Students Conference -2023 का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। एक अद्भुत और ऐतिहासिक सेमिनार जिसमें सिर्फ विद्यार्थी और छात्र शामिल रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद विद्वान शिक्षक श्री अखिलेश ठाकुर Akhilesh Thakur ने उपस्थित छात्रों को सफलता हेतु अपनी पढ़ाई की नींव को मजबूत करने हेतु प्रेरणा और उपाय बताएं।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्र-गान से शुभारंभ हुई। वही बच्चों के बीच जन्मदिन का eco friendly केक काटा गया। विभिन्न प्रतियोगिता के टॉपर्स और सेमिनार में भाग लेने वाले छात्रों को Ignited Mind awards से सम्मानित किया गया। वही इन छात्रों को समुचित दिशा-निर्देश देने वालें शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंत में ग्रुप फोटो और भोज किया गया जो शानदार रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला अध्यक्ष श्री Nitish Kumar Anand ने किया।






(जुनून)15 Oct 2023

## Dr Kalam-Short Intro

भारत के 11वें राष्ट्रपति :
**कार्यकाल :** 25 जुलाई 2002 – 25 जुलाई 2007
**जन्म :**15 अक्टूबर 1931
रामेश्वरम, रमानाथपुरम जिला, ब्रिटिश राज (मौजूदा तमिलनाडु, भारत)
**मृत्यु :**27 जुलाई 2015 (उम्र 83)
शिलोंग, मेघालय, भारत
**विद्या अर्जन** :सेंट जोसेफ कॉलेज, तिरुचिरापल्ली
मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
**पेशा :**प्रोफेसर, लेखक, वैज्ञानिक
एयरोस्पेस इंजीनियर




Chairman with Dr kalam sir

**“2000 वर्षों के इतिहास में भारत पर 600 वर्षों तक अन्य लोगों ने शासन किया है। यदि आप विकास चाहते हैं तो देश में शांति की स्थिति होना आवश्यक है और शांति की स्थापना शक्ति से होती है। इसी कारण प्रक्षेपास्त्रों को विकसित किया गया ताकि देश शक्ति सम्पन्न हो।”-डॉ कलाम**

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ
## IGNITED MIND AWARD-2023



# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## डॉ कलाम जन्मदिन विशेष :IGNITED MIND STUDENTS CONFERENCE-2023



# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

### डॉ कलाम जन्मदिन विशेष :

### 29 SEPT 2013 को डॉ कलाम साहब से ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार की ऐतिहासिक मुलाकात

- Dr Kalam साहब से मिलना और बात करना, एक उपलब्धि से कम नहीं है।- Munna Kumar
- आज Dr APJ Abdul Kalam साहब का जन्मदिन है। आप भी मनाएं और प्रेरणा रूप सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार में योगदान दें।
















- Dr Kalam साहब से मुलाकात में साथी शोला कुमार और शिष्य नकुल कुमार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ था। डॉ कलाम साहब से मिलना मुन्ना कुमार के जीवन का एक टर्निंग पॉइंट में से एक है। डॉ कलाम साहब के सपनों के भारत को प्राप्त करने के लिए लगातार कदम बढ़ा रहे है।

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

### डॉ कलाम जन्मदिन विशेष :

### 29 SEPT 2013 को डॉ कलाम साहब से ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार की ऐतिहासिक मुलाकात

## मेधा की परख उनकी हकीकत



बच्चों के साथ ई. मुन्ना जागरण

जिन परेशानियों के बीच इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की उसे याद कर आज भी आंखों में आंसू आ जाता है। यही कारण है कि गरीब परिवार के मेधावी बच्चों को निःशुल्क पढ़ा उन्हें मुकाम तक पहुंचाने को ही अपना लक्ष्य बनाया। मेधा की परख तो लाजवाब है ही, मेहनत कर ऐसे बच्चों में जगा रहे पढ़ाई के प्रति ललक। इतना ही नहीं सारी जिम्मेवारियां उठाकर उनका भविष्य बनाने में तन-मन से जुटे हैं।

**शिक्षा दान**

- गरीब परिवार के बच्चों में ललक जगा मुकाम तक पहुंचाने में जुट जाते ई. मुन्ना
- खुद सब्जी बेच पूरी की पढ़ाई अब इंजीनियर-अफसर बनाना ही उद्देश्य

सत्येन्द्र कुमार झा, मोतिहारी

परिस्थिति यदि विपरीत हो तो मुकाम कैसे हासिल करें। सफलता कैसे पाई जाए। ये कोई सीखे तो पकड़ीदयाल प्रखंड के सिरहा गांव निवासी ई. मुन्ना कुमार से। ये इन दिनों आसपास के इलाकों के बच्चों को शिक्षित करने में जुटे हैं। खासकर उन बच्चों को जिनके परिजन उन्हें इंजीनियर, डॉक्टर या फिर अफसर बनाने के बारे में सोचते तक नहीं। 'ख्वाब' नामक इनके संस्थान में अभी 10 बच्चे ऐसे हैं जिनमें पढ़ने की ललक है, पर आर्थिक स्थिति रुकावट बनी हुई थी। मुन्ना इनका सारा खर्च भी उठाते हैं। वे बताते हैं कि यहां साधन संपन्न परिवार के बच्चे भी पढ़ रहे हैं। उनसे मिलनेवाले शुल्क से ही उन 10 बच्चों का खर्च भी चल जाता है।

मुन्ना का खुद का बचपन गरीबी में गुजरा। तीन साल की उम्र में ही पिता गोनौर प्रसाद गुजर गए। आर्थिक समस्या पढ़ाई में भी बाधक बनी हुई थी। लेकिन, हौसले बुलंद थे। सब्जी बेच व ट्यूशन पढ़ाकर मुकाम की तरफ बढ़ते गए। प्राथमिक शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल में हुई। स्नातक जिला मुख्यालय से करने के बाद बीआइटी मेसरा से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की पढ़ाई 2011 में पूरी की। लेकिन, नौकरी को नजरअंदाज कर शिक्षण संस्थान खोल दिया।

आर्थिक रूप से विपन्न परिवार के बच्चों में ज्ञान बांटने लगे। संस्थान में बच्चों को शिक्षा के साथ देशभक्ति व जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम को आदर्श मान मिशन-2020 को लक्ष्य बताते हैं। ई. मुन्ना एलएनडी व एसकेएस महिला कॉलेज में विजिटर लेक्चरर के रूप में भी सेवा दे रहे हैं।

मुजफ्फरपुर, 2 अक्टूबर 2013 दैनिक जागरण 7

## डॉ. कलाम से मिल ई. मुन्ना ने सौंपा प्रोजेक्ट

मोतिहारी, हमारे प्रतिनिधि : पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम के पद चिन्हों पर चलने वाले शहर के एक युवा को पहली बार मिलने का अवसर मिला। इस मौके का वर्षों से इंतजार करने वाले ई. मुन्ना ने पटना में हाल के दिनों में आए डा. कलाम को उन्होंने अपना प्रोजेक्ट नेचुरल ऑपरेटिंग सिस्टम दिखाकर मार्गदर्शन मांगा। करीब पंद्रह मिनट की मुलाकात में डा. कलाम ने उनसे प्रोजेक्ट के बारे में कई सवाल भी किए। जिसका मुन्ना ने जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। पकड़ीदयाल के सिरहा निवासी ई. मुन्ना ख्वाब फाउंडेशन के संस्थापक भी हैं। ई. मुन्ना ने कहा कि बातचीत के क्रम में उन्होंने डा. कलाम को मोतिहारी आने का न्योता दिया। कहा कि उन्होंने आग्रह को स्वीकार करते हुए कहा कि अगली बार जब वे बिहार आएंगे तो मोतिहारी जरूर आएंगे। बता दें कि ई. मुन्ना ख्वाब फाउंडेशन के माध्यम से डा. कलाम के मिशन विजन 2020 के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में प्रयासरत हैं। कहा कि पूर्व राष्ट्रपति से मिलने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। वे डा. कलाम की तरह लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में अपना प्रयास जारी रखेंगे।



कलाम के साथ ई. मुन्ना फाइल फोटो

- मोतिहारी आने का दिया न्योता

## मिसाइलमैन को चंपारण आने का दिया आमंत्रण



पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम से मिलते इंजीनियर मुन्ना कुमार. ■ फोटो। प्रभात खबर

प्रतिनिधि, मोतिहारी

पटना में आयोजित दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम से मिल कर अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से उनका ध्यान चंपारण की ओर आकर्षित करने का काम किया है ख्वाब फाउंडेशन के संस्थापक इंजीनियर मुन्ना कुमार ने. इंजीनियर श्री कुमार ने न केवल डॉ कलाम से मिल कर बातें की, बल्कि उन्हें मोतिहारी आने का न्योता भी दिया.

इंजीनियर द्वारा तैयार किये गये नेचुरल ऑपरेटिंग सिस्टम नामक प्रोजेक्ट को देखा एवं इससे संबंधित प्रश्न भी किये. इसकी जानकारी देते हुए पकड़ीदयाल के सिरहा गांव के निवासी इंजीनियर मुन्ना कुमार ने बताया कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने मोतिहारी आने के न्योता को स्वीकारा और आश्वासन दिया कि जब भी बिहार आयेंगे तो मोतिहारी जरूर आयेंगे.

उन्होंने बताया कि डॉ कलाम से मिलना उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है.

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## मृत्यु एक अटल सत्य।

आज काका भी चल बसे ... मृत्यु एक अटल सत्य।
काका का नेचर काफी अच्छा था , पिताजी तो बचपन में ही गुजर गए इसलिए पिता का प्यार ,स्नेह नही मिला । सौभाग्यशाली हूं कि पिताजी के साथ फोटो नही है लेकिन काका के साथ एक यादगार फोटो है।
आपने अपने स्तर से प्यार, स्नेह और आशीर्वाद देते रहे है। काका को एक लड़का (प्रमोद कुमार)है जो अंतिम समय घर पर नहीं रहा। बाहर कमाने गया था और संयोग से 2 दिन पहले चला था। वो अभी भी ट्रेन में ही है और कल घर पहुंचेगा। इस परिस्थिति में छोटे भैया ने काम-क्रिया अपने कंधे पर लिया तो वही प्रमोद के छोटा लड़का ,काका के पोता ने अग्नि दिया।मृत्यु एक अटल सत्य है इसलिए कभी आत्महत्या के बारें नही सोचता।



(जुनून)15 Oct 2023

## TOPPER को सम्मान

बीसीए साप्ताहिक परीक्षा में लड़कियों ने पाया अव्वल स्थान ...Congratulations
पहली साप्ताहिक परीक्षा Business Communication में प्रेरणा भारती , मिल्की और मुस्कान ने क्रमश: प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर इको फ्रेंडली कलम से सम्मानित हुई। संभवत: लड़कों के अपेक्षा लड़कियां पढ़ने में ज्यादा रुचि लेती है इसलिए ऐसा परिणाम आया है।
सभी को खूब-खूब बधाई । ऐसे ही आगे बढ़ते रहे ,जिंदगी में ऐसे कई परीक्षा आने वाली है जिसे पास कर सफलता के झंडे गाड़ने है।



(जुनून)17 Oct 2023

## Coding and Leadership School

Coding and Leadership School
(From Spiritually to Technology.)
यह पूरी तरह से professional Franchise Model है जो आप भी अपने स्कूल/इंस्टिट्यूट/कोचिंग/अकादमी के लिए ले सकते है।
Infrastructure बनकर तैयार हो चुका है, अब यह Implementation फेज में जायेगा और फिर आपके बीच। नए सत्र में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। यह आवासीय व्यवस्था होगी।

ख्वाब फाउंडेशन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए कई हैप्पी स्कूल का संचालन कर रही है। अब ऐसे बच्चों को निशुल्क कोडिंग की पढ़ाई कराई जाएगी।



(जुनून)19 Oct 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## जन्मदिन उत्सव

क्लास की सबसे चंचल और हंसमुख लड़की भूमि (भुवनेश्वरी) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।
Wish you happy birthday to you.
हर पल को यादगार बनाना सीखें और हर एक खुशियों को उत्सव के रूप में मनाना सीखे ,जिंदगी जीने में आनंद आएगा। बताते चले कि भूमि उत्साही, पढ़ने में मेधावी और लड़कों से भी बोल्ड आवाज में अपनी बात रखने वाली लड़की है। लड़के भी डरते है इससे। आने वाले समय में सफलता के शिखर तक पहुंचों और अन्य लड़कियों के लिए के उदाहरण प्रस्तुत करो।।
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां।





(जुनून)19 Oct 2023

## Wish You a very Happy Birthday to Rupesh

क्लास को सबसे लेट ज्वाइन करने वालों में से एक रूपेश पढ़ने और नोट्स लिखकर दिखाने में आगे ।। समय के साथ सब परिवर्तित हो जायेंगे लेकिन ये यादें यूंही सदा बनी रहेगी इसलिए हर एक पल को जीए। हर एक खुशी को उत्सव के रूप में मनाएं और खुद के जीवन को जिंदादिल बनाएं रखे।
रुपेश गांव देहात से आया एक मेहनती छात्र है जो अपने मेहनत के दम पर आगे सफलता अर्जित कर सकता है। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। खूब आगे बढ़ते रहे और सफलता के शिखर तक पहुंचे।





(जुनून)20 Oct 2023

## युवाओं का सम्मान

ख्वाब फाउंडेशन ऑफिस में युवाओं को सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई। ख्वाब फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा ,चेयरमैन मुन्ना कुमार ने संयुक्त रूप से सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे युवा डॉ मुन्ना सिंह, डॉ अंगेश कुमार ,डॉ जितेंद्र कुमार कुशवाहा, श्री सुमन भगत को सम्मानित किए।

ख्वाब फाउंडेशन से जुड़े शुभचिंतकों और सदस्यों को समय-समय पर सम्मानित कर हौसला बढाने का कार्य होते रहता है ताकि सकारात्मक ऊर्जा बरकरार रहे। अपने लोगों को सम्मानित करना चाहिए तभी बाहरी दुनिया सम्मान करेगी। यह एक भावनात्मक जुड़ाव है इंसानियत का, जिसमें इंसानियत की रक्षा करने वाले एक मंच पर इकठ्ठा होते है और मिलकर काम करने की रणनीति बनाते है।
ये सभी युवा साथी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अहम योगदान कर रहे है।









(जुनून) 21 Oct 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन




(जुनून)21 Oct 2023

- **विश्व की अद्वितीय रेल यात्रा "जागृति यात्रा" में चंपारण से एक मात्र अमित कुशवाहा का चयन**
- **पूरे 15 दिन तक पूरे देश में 500 चयनित यात्रियों के साथ करेंगे शिक्षा प्रसार**
- **ख्वाब फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में करते है समाज सेवा।**
- **स्टार्ट अप कंपनी सर्वाक्षी प्राइवेट कंपनी खोलकर युवाओं को सक्षम बना रहे।**

जागृति यात्रा में चंपारण से 2014 में ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार जा चुके है , 2019 में तौसीफुर रहमान, 2020 में अभिलाषा भारती और 2022 में निशांत कश्यप शामिल हो चुके है। अमित कुशवाहा ख्वाब फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण दलित और निर्धन बच्चों के समुचित शिक्षा हेतु योगदान दे रहे है। हैप्पी स्कूल के माध्यम से वैसे बच्चों को शिक्षा मुहैया करा रहे है जो किसी कारण से स्कूल नही जा पाते है अथवा जिनके पास संसाधन की कमी है। इसके अलावा अपने स्टार्ट अप कंपनी के माध्यम से कई युवाओं को नौकरी प्रदान कर युवा सशक्तिकरण में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। वार्ता में ख्वाब फाउंडेशन के आईटी मैनेजर मनीषा जैसवाल, डॉ मुन्ना सिंह , डॉ अंगेश कुमार शामिल रहे। इसके चयन पर युवाओं में काफी हर्ष है और चारो तरफ से शुभकामना संदेश प्राप्त हो रहा है।

## CONGRATULATIONS




## मेला है बच्चों का प्रिय जगह









(जुनून)22 Oct 2023

Happy School के बच्चे दुर्गा पूजा के मेला में घूमते हुए ...
ख्वाब फाउंडेशन द्वारा संचालित हैप्पी स्कूल के संचालक डॉ आनंद कुमार ने बच्चों के प्रिय मेला का भ्रमण कराया।
बच्चों ने मेला का खूब आनंद लिया।बचपन जाना नही चाहि

# Bollywood Dandiya Night

**Organized by: Maa Naardevi Production**

**Sponsored & supported by: Khwab Foundation & Sarvakshi Financial Pvt. Ltd.**









(जुनून)22 Oct 2023

ख्वाब फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा, मदनकार जी सम्मानित होते हुए। Bollywood Dandia Night का आयोजन शानदार रहा जिसका मुख्य आयोजक "माँ नरदेवी प्रोडक्शन" रहा तो वही सहयोगी संस्था के रूप में ख्वाब फाउंडेशन और Sarvakshi Financial Pvt Ltd. के साथ अन्य संस्था रही।

कार्यक्रम में बच्चे,महिलायें और युवाओं ने खूब उत्साह के साथ भाग लिए और डांडिया खेले। डांडिया में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कई सुपर स्टार शामिल हुए। सफल कार्यक्रम के लिए सीईओ नीरज सिन्हा ,जयंती सिन्हा और level up को हार्दिक आभार।












# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## Happy School, चैनपुर के प्यारे बच्चों के साथ प्यारी गुफ्तुगु

ऊर्जावान शिक्षक डॉ आनंद कुमार के नेतृत्व में देश के भविष्य बच्चों को संवारने का एक सफल कदम।
बताते चले कि हैप्पी स्कूल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को समुचित मार्गदर्शन के साथ समुचित अवसर प्रदान कर आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।भगवान अथवा संविधान को समझना हो तो सिर्फ शिक्षा प्रदान करो तार्किक बनेंगे बाकि थुथुरलॉजी तो हर कोई कर सकता है। थुथुरलॉजी में हारना ज्यादा फायदेमंद रहा है इसलिए सामने वाले से कभी बकझक मत करना।सेवा प्रदान करने के लिए आपको सिर्फ अपना समयदान के साथ ज्ञानदान करना है।
आगे आएं और अपने समाज के बच्चों को समुचित मार्गदर्शन के साथ राष्ट्र-निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।



(जुनून)25 Oct 2023

## 112 वर्ष की मजबूत और तंदुरुस्त फुआ...

खवाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार के फुआ की गजब कहानी,मुन्ना कुमार की जुबानी।
"देखते पहले बोलेगी अपना तमाशा न देखायेबा । बुलंद आवाज , आंख की रौशनी मस्त, बिना लाठी का भी दौर जाती और बाइक पर बैठकर दुनिया की सैर। पोता, पोती, परपोता ,परपोती,कई बहू के साथ सैकड़ों सदस्य हो चुके है परिवार में। एक शानदार व्यक्तित्व और यादास्त एकदम गूगल के जैसा सर्वर बना दी हो अपने दिमाग को। अद्भुत , सबको आवाज सुनकर पहचान जाती है फूआ।आप अभी मस्त ,जबरदस्त और तंदुरुस्त रहे।आपका आशीवार्द मिलते रहे।"



(जुनून)26 Oct 2023

## अद्वितीय ट्रेन यात्रा हेतु मुंबई पहुंचे अमित कुशवाहा

ख्वाब फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री Amit Kushwaha विश्व की अद्वितीय रेल यात्रा जागृति यात्रा में शामिल होने मुंबई पहुंचे....
अब लगातार 15 दिन तक ट्रेन में रहकर पूरे भारत का भ्रमण कर समस्याओं का अवलोकन कर सोशल / बिजनेस मॉडल बनाने का अवसर मिलेगा।बढ़ते रहो ।
बताते चले कि जागृति यात्रा में 20 वर्ष से ऊपर कोई भी लड़का -लड़की शामिल हो सकता है जिसके पास भारत को विकसित बनाने का सपना हो। इस यात्रा में अमित कुशवाहा एक प्रशिक्षक के रूप में शामिल हो रहे है जो ख्वाब फाउंडेशन परिवार के लिए गर्व का विषय है। खूब-खूब बधाई।




(जुनून)27 Oct 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

**प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थी को पढ़ाते हुए मैट्रिक स्टेट सेकंड टॉपर और ख्वाब फाउंडेशन सदस्य - प्रज्ञा**





(जुनून)28 Oct 2023



(जुनून)26 Oct 2023

**पॉजिटिव प्वाइंट ~** बच्चे पहले की तुलना में अधिक स्कूल आ रहे हैं। बच्चे को होमवर्क दिया जा रहा है और बच्चे पूरा भी कर रहे हैं। बच्चे जागरूक हो रहे हैं और पढ़ाई का महत्व समझ रहे हैं।

**सलाह:** कुछ और कदम उठाए जाना चाहिए जैसे कि एकेडमिक एक्टिविटी में: विभिन्न महापुरुष जैसे विवेकानंद, अब्दुल कलाम, महात्मा गांधी, भीमराव अंबेडकर जयंती स्कूल में मनाए जाने चाहिए। गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में प्रभात फेरी निकले जाना चाहिए। चिल्ड्रेन डे और टीचर डे मनाए जाने चाहिए। समय-समय पर निबंध लेखन, नाटक, कला, भाषण-प्रतियोगिता आयोजित होनी चाहिए। शिक्षक बच्चे को किताब खुद से पढ़ना सिखाए। जब भी परीक्षा हो, पारदर्शी हो ताकी बच्चे की बौद्धिक क्षमता का विकास हो।

**नॉन अकैडमिक एक्टिविटी ~** खेल प्रतियोगिता का आयोजन होना चाहिए। शिक्षक-अभिभावक-छात्र (GST) मीटिंग होनी चाहिए ताकि अभिभावक भी बच्चों के पढ़ाई के समय में घर का या अन्य कोई काम ना कराए , अभिभावक बच्चे की साफ-सफाई पे ध्यान दे, साफ ड्रेस में बच्चे को स्कूल भेजे।

हर शनिवार को सिलेबस ना पढ़ाए जाए बल्कि बच्चे के चरित्र निर्माण पर कार्य किए जाए,बच्चो को नकारात्मक चीज़े जैसे मारपीट, अपशब्द ना करें।





# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

**Salesforce Developer Group, Motihari, India द्वारा आयोजित Motihahri Meet up में शामिल आपका मुन्ना भाई...**






(जुनून)29 Oct 2023




Motihari Meet up का उद्देश्य सभी को अपने विचार व्यक्त करने, अपने करियर में सीखने के सफर को साझा करने, नई दृष्टिकोण प्राप्त करने, Salesforce करियर मार्गदर्शन पे चर्चा करने, अनुभव सुनने और सुनाने का अवसर प्रदान करना था.
एक रोमांचक कार्यक्रम रहा जिसमें open Mic के माध्यम से सभी ने अपने जीवन के रोचक और प्रेरणादायक अनुभव साझा किए। कुछ नए सदस्य भी शामिल हुए और अपने विचार व्यक्त किए। बताते चले कि Motihari Meet के माध्यम से कंप्यूटर के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्र और आईटी क्षेत्र में सफल प्रोफेशनल का एक शानदार प्लेटफार्म है जहां कोई भी समुचित दिशा निर्देश लेकर सफलता के झंडे गाड़ सकता है। यह लगातार कई वर्षों से हर महीना आयोजित होते रहा है जो इस क्षेत्र के युवाओं के लिए एक वरदान से कम नही है।इस शानदार आयोजन के लिए Appycrown Pvt Ltd के CEO Om Prakash जी का हार्दिक आभार।

## GST Meeting (Guardian -Students - Teachers)

GST Meeting of Happy school at Chainpur, Dhekahan, East Champaran, Bihar, India.
कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नही हो ,इसी अभियान के तहत ख्वाब फाउंडेशन द्वारा happy School का संचालन किया जा रहा है। बच्चों खेल के विभिन क्षेत्रों में अवसर प्रदान किया जा रहा है। यहां के बच्चे राष्ट्रीय स्तर तक साइक्लिंग के क्षेत्र में परचम लहरा चुके है। आज बिहार साइक्लिंग एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ वर्मा जी ने खिलाड़ियों को सफल होने के नुस्के बताएं और उपस्थित अभिभावक को अपने बच्चों को खाने- पीने और घर पर ही व्यायाम करने हेतु प्रेरित किए। गुणवतापूर्ण शिक्षा के लिए यह बहुत जरूरी है कि शिक्षक,छात्र और अभिभावक के बीच संचार और समस्या के समाधान के लिए वार्ता होते रहना चाहिए। इस तरह के मीटिंग से बच्चों के अंदर प्रेरणा और अभिभावक को दिशा-निर्देश मिलता है और बच्चों पर वो भी ध्यान देते है। ख्वाब फाउंडेशन ने शानदार पहल किया है। शिक्षक आनंद कुमार को हार्दिक आभार।



(जुनून)29 Oct 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## AKG Happy School , चैनपुर, ढेकहां के बच्चों के बीच कबड्डी का शानदार आयोजन

रविवार छुट्टी का दिन लेकिन ख्वाब फाउंडेशन के Happy school के बच्चों के लिए मस्ती और सीखने का दिन।खेल-खेल में बच्चों को अनुशासन, कम्युनिकेशन स्किल, टीम मैनेजमेंट ,खेल के नियम, व्यायाम, कंसंट्रेशन पावर आदि सीखा पाते हैं। किताबों में उतना रुचि नहीं लेकिन खेल में खूब होता है।लड़के और लड़कियों के अलग-अलग टीम बनाकर खेलाया गया। बच्चों के अंदर जबरदस्त उत्साह।शानदार खेल को सफल बनाने में ऊर्जावान शिक्षक Dr Anand Kumar का विशेष योगदान रहा।।ऐसे ही देश के भविष्य को संवारते रहे और बच्चों को आगे बढ़ाते रहे।।





(जुनून)29 Oct 2023

## LND College, Motihari में शिक्षा सेवा प्रदान करते हुए 12 वर्ष से ज्यादा हो गए -मुन्ना कुमार

BIT Mesra ,Ranchi से उच्चतर शिक्षा ग्रहण कर और प्लेसमेंट को छोड़कर वापस आने का निर्णय लिया तो मेरे कुछ क्लासमेट्स बहुत चिन्तित रहे। मुझे बोला कि तुम पागलपन कर रहे हो ,पूरी तरह बर्बाद हो जाओगे नही तो इतिहास लिखोगे। खैर,परिणाम सामने है।
नेक नियत के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान करते रहा और बढाते रहा। अपने योगदान और सेवा से पूर्ण संतुष्टि के साथ कहना चाहता हूं कि जिंदगी में खुश रहना हो तो जो भी कार्य करते हो, पूरी ईमानदारी पूर्वक करते रहो चाहे उसका क्रेडिट मिले या न मिले लेकिन आत्मिक संतुष्टि जरूर मिलेगा।धरती पर सबसे खुश रहने वाला प्राणी है आपका मुन्ना भाई। बाकि दुश्मनों और जलनशील व्यक्ति को हमेशा से दिमागी खुराक देते रहता हूं ताकि उनकी भी दुकान चलती रहे। सबका भला हो।भवतु सब्ब मंगलम्।
LND College के कुछ प्रिय शिष्यों के साथ यादगार तस्वीर।




(जुनून)30 Oct 2023



(जुनून)31 Oct 2023

# चंपारण के गाँधी:

# A day with the greatest Gandhi wadi alive in champaran after Gandhi.






**तत्कालीन तिरहुत आयुक्त श्री अतुल प्रसाद (वर्तमान BPSC सचिव )** **ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार**

भारत विविधताओं का देश है जहाँ अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले है जो अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश सेवा कर रहे है. एक ऐसा ही देश का हिस्सा है चंपारण जिसका अपना ऐतिहासिक महत्व है. गांधीजी तो नहीं रहे लेकिन गांधीवादी बहुत हो गए हैं.उसमे से कुछ तो टोपी पहनकर लोगों को टोपी पहनाते है तो कुछ गाँधी का काम करते हुए जीवन बिताते है लेकिन लोग नहीं जान पाते. एक ऐसा ही "श्री नारायण मुनिजी" जिसे गाँधी के बाद चंपारण का गाँधी कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगा. मुनिजी का दिनचर्या एवं कार्य पूर्णतया गांधीवादी के अनुरूप है जो चंपारण के विकास के लिए प्रजापति सेवा सदन पुस्तकालय बनाकर समाज को एक अलग रौशनी प्रदान कर रहे है. गाँव में बच्चों के बीच बाबा के रूप में प्रसिद्ध है जिसे बच्चे बहुत प्यार करते है. जब मुनिजी गाँव से गुजरते है तो बच्चे इन्हें मुनि बाबा कहते लिपट जाते है. ये एक बहुत ही आनंदित करने वाला दृश्य होता है. मैं धन्य हूँ ऐसे व्यक्ति का सानिध्य पाकर.

93 वर्षीय चंपारण के गांधी कहे जाने वाले Shree Narayan munijee से हर बार की मुलाक़ात ऊर्जा प्रदान करता है ....
श्री नारायण मुनिजी प्रसिद्ध गांधीवादी है। इन्होने पुस्तकालय और संग्रहालय की स्थापना कर हजारों पुस्तक और गांधीजी से जुड़े स्मृतियाँ का संग्रह किए हुए है। ज़िंदगी भर सामाजिक कार्यों द्वारा समाजसेवा करने वालों के लिए दिशा -निर्देश दिया है और प्रेरित किया है।



SIMPLE LIVING

## Unknown to world, a 'living Gandhi' in Champaran

Arun Kumar

PATNA: In a remote corner of Bapu's Champaran, around 170 km from Patna, lives a man many describe as a 'living' Mohandas Karamchand Gandhi, whose 1917 'Champaran movement' provided a new life to the movement for India's independence.

Perhaps closer than anybody else, Shri Narayan Muni, 85, is an embodiment of Gandhi. He lives the life of the Mahatma, practicing simple living in his private domain few seem to be aware of.

And he feels Gandhi is as relevant today as he ever was.

As Bihar celebrates the centenary year of Bapu's Satyagrah and Bihar's Champaran remains at the centre of the celebrations, Muni has mixed feelings. While "rapid erosion of Gandhian values" concerns him, he is happy with the way Bihar government has taken forward prohibition, which Bapu strongly advocated.

"Today, there is no education that Bapu talked about. The education system has rotted. Buildings are being made but there is no education, which Bapu visualized as a tool to develop human beings, society and the nation at large," he said at his Gandhi Ashram at Bokane Kala in Jaiprakash Nagar, East Champaran.

When Mahatma Gandhi set up the first Basic School (Buniyadi Vidyalay) in West Champaran way back in 1939, he had a dream of providing 'Nai Taleem' to the poorest of the poor. It was a blend of formal education and vocational training to help them live with dignity. Later, 391 of them were set up in Bihar, though none of them is in good shape today.

"The basic schools ran well till 1966 and started declining gradually before reaching a stage of collapse," said Muni, who commands a lot of respect in the area due to his involvement in social activities. He worked with Vinobaji during the Bhoodan movement and also participated in the JP movement.

In front of the ashram, the school students come to study and some of college students volunteer to guide them about Gandhian values which Muni tries to propagate through his words and action.

The ashram, where he has a museum, a library and a reading place for students, has a lot to take one down the Gandhian memory lane. He takes pride in describing all his prize possessions, which includes the Hindustan newspaper dated August 15, 1947.

His library, named Prajapati Seva Sadan Library after a Gandhian Prajapathi Mishra, is a collection of rarities, including the four Vedas, 18 Puranas, six darshans, different versions of Ramayana, Gita written by Bal Gangadhar Tilak in jail, collections of Kabir and Kalhan, Gandhi-Vinoba Sahitya, 80 parts of Gandhi Vangmay and other Gandhian literature, Chandrashekhar's jail diary, Champaran gazette etc.

"There are nearly 25,000 books, some of which you cannot find anywhere else," he proudly says, cleaning the dust off an old wooden shelf. He has himself maintained his library with the help of some volunteers, who come to him to get some inspiring lessons.

For the ashram, which is now set to get a facelift in the centenary year, he donated three kathas of his ancestral land. "I wanted to keep Bapu alive here. The inspiration about Bapu came to him from Bapu's champaran legacy that he lived with.

"Here in front of the house, a Congress training session was also held. I lost my father when I was just three, but my mother and grandfather often narrated the stories of freedom struggle since childhood," says Muni, enthusiastically describing about the unique articles kept in his museum's broken and dust laden shelves.

From pen and pot used by Bapu to his 'kharam' (wooden footware), cooking utensils, charkhas (spinning yarns), old and framed newspaper cuttings and letters, gazette notifications ... all adorn the old, cracked walls of his ashram.


The good news is that his perseverance seems to have caught the attention of the authorities in this centenary year of Champaran Satyagrah. The Bihar government has planned to give facelift to places related to Bapu and Muni's Gandhi ashram is one of them.

"We have submitted a detailed proposal to the district magistrate. It will have a conference hall, a library and a museum. The estimated cost could be around ₹1-crore. Besides, we are working with Muniji to declare this area open defecation free by October 2017," said Sunil Kumar, circle officer of Madhuban block.

And Muni is confident about achieving utmost cleanliness in the vicinity. "People cooperate wholeheartedly. They also value my simplicity and when they see me cleaning the road, they all join," he said.

Shri Narayan Muni showing collection of articles used by Mahatma Gandhi, at Gandhi Ashram at Bokane Kala in Jaiprakash Nagar, East Champaran. MADNAKAR/HT PHOTO

# IGNITED MIND
# HAPPY SCHOOL








# HAPPY CLUB

## Happy Club, Motihari की शानदार प्रस्तुति















**KHWAB FOUNDATION** के माध्यम से सुबह में अथवा शाम में अपने घर का कार्य करते हुए अथवा व्यायाम,योग आदि करके शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने का अभियान चलाया जा रहा है। आप भी इस मुहिम में शामिल हो सकते है। आप अपने घर अथवा आस-पास के लोगों के साथ अपना क्लब बना सकते है। कोचिंग/ट्यूइशन/स्कूल के बच्चों के बीच जागरूकता फैला सकते है।

सुबह का व्यायाम हो गया...
किसान इसलिए बीमार बहुत कम पड़ता है।
Happy Club की कारवां जारी रहे।
त्योहार का मौसम है,आप भी स्वास्थ्य कमा लें।

## • कविता •

### "उठ जाग अब तु "

उठ जाग अब तु !
मंज़िल की तरफ भाग अब तु,
इधर - उधर झाँक न अब तु,
पीछे मुड़कर ताक न अब तु,

उठ जाग अब तु।
कर आखिरी प्रयास अब तु
कर अंतिम प्रहार अब तु
देख न किसी का आश अब तु

उठ जाग अब तू।
मंज़िल की तरफ भाग अब तु ,
कर दे फिर शुरूआत अब तु
शून्य से शिखर तक पहुँचने का
रख अपने अंदर जज्बात अब तु ।
लोगों के कहने से बदल न सफर की बारात अब तु

उठ जाग अब तु ।
मंज़िल की तरफ भाग अब तु।
रूकावटें आएंगी तेरे राह में बहुत ही,
इनसे जुझकर सदा आगे की तरफ भाग अब तु!
राह में पड़े रोड़े को भी जरा अब सँभाल अब तु।
उठ जाग अब तु ।।



~ बृजलाला रोहन
Brijlalakumar12345@gmail.com
BRIJLALA ROHAN ( youtube चैनल)

नोट: आप भी हमें स्वरचित रचना/कविता/प्रेरणादायक लेख भेज सकते हैं।



# कष्टमेव जयते

**व्यक्ति के जीवन का शाश्वत सत्य है मृत्यु वैसे ही सफलता के शिखर पर पहुँचने वाले व्यक्ति के जीवन में कष्ट आना निश्चित है। इस कष्ट से कोई मजबूत होता है तो कोई टूट कर बिखर जाता है । जो मजबूत हुआ इतिहास रचा जो टूटा उसका अस्तित्व खत्म हुआ। फैसला आपको करना है कि टूटना है मजबूत होना है। यह आलेख आपको अपने कष्ट पर विजय पाने और सफल होने के तरीके और प्रेरणा प्रदान करेगा।**

## मन के हारे हार,मन के जीते जीत।

रुचिकर कार्य करने पर असफलता भी सफलता की एक कड़ी होती है। असफल होने पर दु:ख नहीं बल्कि आनंद मिलता है। इसलिए जिंदगी में ऐसा लक्ष्य निर्धारित होनी चाहिए जो आपको अच्छा लगता हो। ऐसे मन मुताबिक लक्ष्य निर्धारित करने में पहले मन में डर पैदा होता है कि कही सफल नहीं हुए तो। मन के हारे हार,मन के जीते जीत।

लक्ष्य निर्धारित करने के लिए किसका बात मनाना चाहिए-माता-पिता ,गुरु अथवा स्वयं ? जब भी ये सवाल पूछता हूँ तो बच्चे सब पहले तो सकुचाते है और फिर जबाब देते है कि स्वयं। बिल्कुल सही बात । दुनिया का कोई भी व्यक्ति आपको सफल नहीं बना सकता जबतक आप नहीं चाहेंगे।

जिंदगी में हार जीत तो चलती रहती है। मगर वह व्यक्ति जो हारने से पहले ही मन में हार जाता है वह जीवन में कभी जीत नहीं सकता। हमारे द्रुढ मन की शक्ति हमें कुछ भी करवा सकती है। यदि हम निश्चय कर ले तो हम पहाड़ पर भी विजय प्राप्त कर सकते हैं। कभी कभी हमें छोटी सी राई भी पहाड़ की तरह मालूम होती है। हम हारने से पहले ही अपनी हार मान लेते हैं। जिस व्यक्ति ने रणभूमि में शत्रु को देख हार मान ली वह व्यक्ति कभी युद्ध नहीं जीत सकता। हर क्षेत्र में जीत हासिल करने के लिए हमें कुशल ज्ञान के साथ-साथ खुद पर आत्मविश्वास का होना जरूरी है। यदि हम हार का अनुभव करेंगे तो हम निश्चित ही हारेंगे। यदि हम जीत का अनुभव करते हैं तो हमारे जीतने के अवसर बढ़ जाएंगे। हार और जीत किसी के हाथों में नहीं होती पर हमें हार से पहले ही हार नहीं माननी चाहिए। जिससे खुद पर भरोसा हो वह हार को जीत में बदल सकता है। विजय का मुख्य कारण मेहनत के साथ उत्साह तथा द्रुढ निश्चय होता है। जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए द्रुढ निश्चय होना जरूरी है। यदि हमारा मन कमजोर पड़ जाए तो निराशा हम पर हावी हो जाती है। मारे दुख सुख सारे हमारे मन पर निर्भर करते हैं। यदि हमारे मन पर नियंत्रण हो तो हम बड़े से बड़ा दुख मुस्कुराकर सहन कर जाते हैं। इसीलिए तो कहते हैं मन के हारे हार और मन के जीते जीत। यदि कोई मनुष्य अपने मन में अपनी हार नीचे समझता है तो इस धरती पर उस व्यक्ति को कोई नहीं जिता सकता। यदि हमें सांसारिक बंधनों से छुटकारा पाना है तो अपने मन पर नियंत्रण करना जरूरी है। यदि हमारे मन पर संयम ना हो तो इसके हमें विपरीत परिणाम मिलते हैं। इसलिए हमें सकारात्मक विचार रखना चाहिए। हमें अपने चंचल मन को स्थिर बनाना चाहिए। ताकि हम जीत के और अपने लक्ष्य के करीब जा सके। यदि हमारा मन चंचल है तो लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना कठिन हो जाता है। मनुष्य के विचारों का परिणाम उसके कार्य पर पड़ता है। इसीलिए हमें अपने विचार सकारात्मक रखनी चाहिए। ताकि हमारे हर कार्य का परिणाम भी सकारात्मक आ सके।



**खुद को सकारात्मक रखने के लिए मुन्ना भाई के youTube चैनल: Motivational Speaker Munna Bhai Subscribe करें।**




# कलामवाद

**विश्व में बहुत सारे वाद आए समाजवाद,पूंजीवाद ,मार्क्सवाद ,लेलीनवाद ,गाँधीवाद आदि आदि लेकिन डॉ *APJ Abdul Kalam* ने युवाओं और बच्चों के लिए जिस तरह से काम किया ,एक वाद से कम नहीं । अगर इसे कलामवाद कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होना चाहिए । किसी भी देश की युवा एक राष्ट्रीय संपदा है और इसका समुचित दिशा-निर्देश के साथ सँवारना जरूरी है ताकि कोई भी राष्ट्र सम्पन्न हो सके। डॉ कलाम ने इस दिशा में अद्भुत कार्य किया है ।**

## एक साथ वर्तमान और भविष्य को जीना

डॉ कलाम साहब ने युवाओं को इतना प्रेरणा मंत्र दिया है जो हमेशा प्रोत्साहित करते रहेगा और सफलता के शिखर तक पहुंचा कर ही छोड़ेगा। कभी-कभी हम सब किसी बड़े व्यक्तिव से मिलकर उनके साथ सेल्फ़ी लेते है अथवा उनका औटोग्राफ लेते है जो सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। क्या कभी आपने उस उपलब्धि को हासिल करने के बारे में सोचा है? क्या आपको नहीं लगता कि आप भी वैसा व्यक्तित्व हासिल कर सकते है? डॉ कलाम साहब ने कितना बेहतर सफलता मंत्र दिया है “जिस दिन हमारे सिग्नेचर औटोग्राफ में बदल जाए ,मान लीजिय आप कामयाब हो गए।” अपने सिग्नेचर को औटोग्राफ में बदलना आसान नहीं है। यह उपलब्धि बस कुछ विशेष व्यक्ति ही हासिल कर पाते है जो कर्म पर विश्वास कर कदम बढ़ाते रहते है।





इसके लिए खुद पर इतना विश्वास तो करना पड़ेगा कि कुछ भी असंभव नहीं है। अगर आपको यह लगता है कि संसाधन बिना कुछ संभव नहीं तो डॉ कलाम साहब के जीवन को पढ़ लीजिए। बस आज से वो सपने देखना शुरू कर दीजिए जो आप अपने जीवन में हासिल करना चाहते है। यदपि सिर्फ सपने ही नहीं उस दिशा में विचारों को कर्म में बदलना शुरू कर दीजिए फिर देखिए कि आप सफल व्यक्तिव कैसे नहीं बन सकते?

रोजाना आपके अपने कार्यों की समीक्षा करना शुरू कर दें तो समझ में आ जाएगा कि कौन-सा कार्य नहीं करना था और कौन-सा कार्य छूट गया। इससे कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी और महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरा हो जाएंगे। आदमी को तनाव तब होता है जब कोई कार्य पूरा नहीं होता इसलिए हर कार्य को पूरा कर अपना आत्मविश्वास मजबूत करने का प्रयास करे। हमेशा अपने सफलता के उस पल को याद कर हर्षित और उत्साहित होकर कार्य करते रहना है जो आपके सिग्नेचर को औटोग्राफ में बदलने वाली है। यह कठिन नहीं इसके लिए थोड़ा सकारात्मक भाव से भविष्य के तस्वीर की कल्पना करनी है और वर्तमान में खूब ईमानदारी पूर्वक मेहनत करना है। एक साथ वर्तमान और भविष्य को जीना है काफी आनंदित करेगा।

भविष्य को चिंता नहीं बल्कि चिंतन करना है। वर्तमान में जैसा आपका कदम होगा वैसा ही भविष्य होने वाला है। अगर आज आप आलस्य कर रहे है तो भविष्य में काफी मेहनत करना पड़ेगा। लेकिन आज रात दिन आप खुद मेहनत कर रहे है तो एक दिन आपकी यह मेहनत सफलता की शोर मचाएगी। गलत संगति में नहीं पड़े क्योंकि आपकी गलत संगति आपके सपनों पर पानी फेर देगी।

**-मुन्ना कुमार**







आपके द्वारा दिए डोनैशन मानवता की रक्षा हेतु एक शानदार कदम होगी।
आप डोनेट करके income tax में लाभ ले सकते है ।



## इतिहास के पन्नों में


SUSTAINABLE DEVELOPMENT
CHALLENGES & PROSPECTS
DBU
Desh Bhagat University
National Movement
VISION-2020
MOTIVATIONAL WORKSHOP
we are
इंडिया
we are
CHANGE
मेरा जीवन ही मेरा संदेश है
MY LIFE IS MY MESSAGE
कार्यालय
VISION

## इतिहास के पन्नों में



## इतिहास के पन्नों में


















# जुनून पत्रिका की तरफ से दीपावली, छठ पूजा की हार्दिक बधाई और शुभकामनायें ।




# जुनून-JUNOON

Official news letter of khwab Foundation,India

## Editorial Team

Editor-in-chief- Dr Vinod Kumar Singh
Managing Editor-Mr. Munna Kumar
Associate Editor- Shri Satyadev Prasad Kushwaha
Assistant Editor- Ms. Jyanti Sinha
Senior Editor- TY Sahab sahodar
News Editor- Mr. Golu Kumar
Design Editor- Miss Manisha Jaiswal
Academic Editor- Mr. Nitish Kumar & Mr. Vinay Kumar
Photograps Editor- Mr. Sunny Shekhar

